हार्दिक निमंत्रण

30वीं वार्षिक स्पार्क मीटिंग एवं अनुभूति रिट्रीट

(28 मार्च से 01 अप्रैल 2025, आनन्द सरोवर शान्तिवन, आबूरोड)

दिनांक: 18/11/2024, मधुबन

प्राण-प्यारे अव्यक्त बापदादा के योगी सो प्रयोगी, विश्व नवनिर्माण की बेहद सेवा में बापदादा के सदैव सहयोगी, सेवाकेन्द्रों की सर्व निमित्त टीचर्स, स्पार्कलर्स एवं ब्राह्मण कुल भूषण बहनें एवं भाई,
बेहद घर मधुबन से प्राण-प्यारे बापदादा सहित हम सबका हार्दिक ईश्वरीय याद-प्यार स्वीकार हो।

आप सब जानते हैं कि पिछले 29 वर्षों से स्पार्क विंग, एक अनुसन्धान प्रभाग के रुप में अपनी सेवायें दे रहा है और राजयोग के विभिन्न पहलुओं पर विश्लेषणात्मक अध्ययन कर उसे सहज और सरल रीति समाज और संसार के सामने प्रस्तुत करने का प्रयास करता है ताकि संसार राजयोग के महत्व को समझ सके। इन कार्यों का विहंगावलोकन करने और उसे सुनियोजित तरीके से सर्व ब्रह्मावत्सों तक पहुँचाने तथा आगे की नवीन सेवाओं के लिए नये तौर-तरीकों के निर्माण हेतु प्रतिवर्ष अव्यक्त बापदादा के मधुर मिलन के सीज़न के दौरान मधुबन (शान्तिवन) में स्पार्क विंग एक वार्षिक मीटिंग का आयोजन करता आ रहा है। यह बताते हुए हमें अपार हर्ष हो रहा है कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी **"30वीं वार्षिक स्पार्क मीटिंग एवं अनुभूति रिट्रीट"** का आयोजन, **शान्तिवन के आनन्द सरोवर में** दिनांक 28 **मार्च से 01 अप्रैल 2025** तक किया जा रहा है।

मीटिंग के अंतर्गत वरिष्ठ दीदियों एवं अन्य भाई-बहनों के ज्ञानवर्धक क्लासेस, वर्कशॉप्स, योगानुभूति-सत्र एवं प्रेजेन्टेशन-सत्र आदि रखे गये हैं। अत: जो भी बी.के. भाई-बहनें इस **"मीटिंग एवं अनुभूति रिट्रीट"** में भाग लेने के इच्छुक हैं वे अपना **ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन** करवा सकते हैं। इस मीटिंग में स्पार्क के सदस्यों के अलावा अन्य बी.के. भाई-बहनें, जो स्पार्क की गतिविधियों में रुचि रखते हैं एवं जिनकी शैक्षणिक योग्यता ग्रेजुएशन (Graduation) अथवा उससे अधिक है, भाग ले सकते हैं। **रजिस्ट्रेशन की अन्तिम तिथि 20 फरवरी 2025 है। इस मीटिंग में सीमित संख्या होने के कारण हम पहले रजिस्ट्रेशन करने वाले भाई-बहनों को ही स्वीकृति दे पायेंगे।**

मीटिंग में **पेपर प्रेजेन्टेशन-सत्र** भी रखा गया है जिसके अन्तर्गत लोकल चैप्टर और व्यक्तिगत स्तर पर चल रहे प्रोजेक्ट्स में किये गये उल्लेखनीय प्रयोगों अथवा सेवाओं के रिजल्ट्स का प्रेजेन्टेशन होगा। **अत: प्रोजेक्ट को-ऑर्डिनेटर्स, लोकल चैप्टर को-ऑर्डिनेटर्स एवं अन्य सभी भाई-बहनों** से (जो भी अपना प्रेजेन्टेशन देना चाहते हैं।) निवेदन है कि वे अपने **प्रेजेन्टेशन** का लिखित रूप तैयार कर दिनांक **10 मार्च2025** से पहले **sparcwing@bkivv.org** पर, स्पार्क ऑफिस, ज्ञान सरोवर में अवश्य भेज दें। **आप सबके ध्यान में रहे कि किसी भी प्रस्तुति का समय 5 मिनट से अधिक न हो।**

मीटिंग से सम्बंधित महत्वपूर्ण सूचना:-

- **रजिस्ट्रेशन की अन्तिम तिथि:** 20 फरवरी 2025
- **मीटिंग का स्थान:** आनन्द सरोवर, शान्तिवन, आबू रोड
- **आनन्द सरोवर में आने की तिथि और समय:** 28 मार्च 2025 प्रात: 08 बजे से पहले
- **मीटिंग का शुभारम्भ:** 28 मार्च 2025 सुबह 10.00 बजे
- **मीटिंग का समापन:** 01 अप्रैल 2025, सायं 10 से रात्रि 08.00 बजे तक
- **शान्तिवन से प्रस्थान:** 01 अप्रैल 2025, नास्ते के पश्चात्

कृपया ध्यान दें:- पंजीकरण व्यवस्था में कुछ परिवर्तन किया गया है अत: सभी (स्पार्कलर्स, अन्य इच्छुक भाई-बहनें एवं सेवाधारी) सेन्टर इन्चार्ज द्वारा शान्तिवन आवास-निवास वेबसाइट **https://accomabu.bkinfo.in /** https://accomabu.bkapp.org पर जाकर अपना पंजीकरण करवायें। किसी भी प्रकार की मदद के लिए आप स्पार्क कार्यालय में सम्पर्क कर सकते हैं। **कृपया रजिस्ट्रेशन होने के पश्चात् ही अपना टिकट बुक करें।**

अधिक जानकारी के लिए आप स्पार्क ऑफिस में **sparcwing@bkivv.org** पर अथवा **बी.के.संजय भाई (9950616499)** और **बी.के.श्रेयस भाई** (9611150288) से संपर्क कर सकते हैं।

विशेष नोट:-

- इस मीटिंग में सिर्फ वही भाई-बहनें भाग ले सकते हैं जो कम से कम दो वर्षों से संपूर्ण नियम-धारणाओं सहित ज्ञान में चल रहे हैं।
- 12 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को लाना वर्जित है।
- मधुबन आते समय मौसम के अनुसार अपने साथ कपड़े, छतरी आदि आवश्यक सामान जरुर लेकर आयें।
- **सेवाधारी भाई-बहनों से अनुरोध है कि आप मधुबन में 26 मार्च 2025 को अर्थात् कार्यक्रम से 2 दिन पहले अवश्य पहुँचें तथा वापसी का टिकट 2 दिन बाद अर्थात् 03 अप्रैल 2025 को बनवायें।**

विश्व नवनिर्माण की बेहद ईश्वरीय सेवा में,

B.K. Ambika
(बी.के. अम्बिका)
अध्यक्षा, स्पार्क।

B.K. Shrikant
(बी.के. श्रीकान्त)
राष्ट्रीय संयोजक, स्पार्क।